Samyak
An Institute For Civil Services

DAILY MAINS ANSWER WRITING – 9 MAY

In order to enhance the prospects of social development, sound and adequate health care policies are needed particularly in the fields of geriatric and maternal health care. Discuss. (150 words)

Social development is closely tied to public health. Geriatric and maternal healthcare are critical sectors requiring robust, targeted policies to ensure inclusive and sustainable societal progress. Focusing on geriatric and maternal health care lays the foundation for a healthier and more equitable society.

Geriatric Health Care	Maternal Health Care
• Rising elderly population demands tailored health services. • Policies must emphasize preventive care, home-based services, and geriatric-trained professionals. • Addressing mental health issues like dementia and depression is vital. • Example: Tamil Nadu offers geriatric clinics and home-based elderly care.	• Ensures better outcomes for mothers and children. • Key measures include quality prenatal/antenatal care, skilled birth attendance, and reproductive health access. • Education and awareness empower women in decision-making. • Example: Tamil Nadu's Health Systems Project has improved maternal health through infrastructure and care access.

By prioritizing preventive care, accessible services, skilled workforce, mental health, and education, policymakers can enhance health outcomes, quality of life, and promote inclusive social development.

सामाजिक विकास की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए, विशेष रूप से वृद्धावस्था और मातृ स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में ठोस व पर्याप्त स्वास्थ्य देखभाल नीतियों की आवश्यकता है। चर्चा करें। (150 शब्द)

सामाजिक विकास सार्वजनिक स्वास्थ्य से बहुत निकटता से जुड़ा हुआ है। वृद्धावस्था व मातृ स्वास्थ्य सेवा महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं, जिन्हें समावेशी एवं सतत सामाजिक प्रगति सुनिश्चित करने हेतु मजबूत, लक्षित नीतियों की आवश्यकता है। वृद्धावस्था व मातृ स्वास्थ्य देखभाल पर ध्यान केंद्रित करने से एक स्वस्थ एवं अधिक समतापूर्ण समाज की नींव रखी जा सकती है।

वृद्धावस्था स्वास्थ्य देखभाल	मातृ स्वास्थ्य देखभाल
• बढ़ती हुई बुज़ुर्ग आबादी हेतु अनुकूलित स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता है। • नीतियों में निवारक देखभाल, घर-आधारित सेवाओं और वृद्धावस्था-प्रशिक्षित पेशेवरों पर ज़ोर दिया जाना चाहिए। • मनोभ्रंश व अवसाद जैसे मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों को संबोधित करना महत्वपूर्ण है। • उदाहरण: तमिलनाडु में वृद्धावस्था क्लीनिक और गृह-आधारित बुज़ुर्ग देखभाल की सुविधा उपलब्ध है।	• माताओं और बच्चों हेतु बेहतर परिणाम सुनिश्चित करता है। • मुख्य उपायों में गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व देखभाल, कुशल प्रसव उपस्थिति और प्रजनन स्वास्थ्य पहुँच शामिल हैं। • शिक्षा और जागरूकता महिलाओं को निर्णयन में सशक्त बनाती है। • उदाहरण: तमिलनाडु की स्वास्थ्य प्रणाली परियोजना ने बुनियादी ढाँचे और देखभाल की पहुँच के माध्यम से मातृ स्वास्थ्य में सुधार किया है।

निवारक देखभाल, सुलभ सेवाएं, कुशल कार्यबल, मानसिक स्वास्थ्य व शिक्षा को प्राथमिकता देकर नीति निर्माता स्वास्थ्य परिणामों , जीवन की गुणवत्ता को बढ़ा सकते हैं और समावेशी सामाजिक विकास को बढ़ावा दे सकते हैं।